आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- देश में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू– चार स्तरीय संरचना को सरल बनाकर दो स्तरीय संरचना में बदला गया।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने जीएसटी सुधारों को सरल व जनहितैषी बताया– भाजपा 29 सितम्बर तक चलाएगी जीएसटी बचत उत्सव अभियान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क सम्पर्क जल्द बहाल करने का राज्य सरकार से किया आग्रह।
- शारदीय नवरात्र शुरू– प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता।
- प्रदेश का मत्स्य पालन विभाग गोल्डन महाशीर के संरक्षण के लिए स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित।

<u>जीएसटी सुधार</u>

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस बीच सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में कर की दर कम करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। इससे प्रत्येक परिवार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में स्वदेश निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्यसभा सांसद व जीएसटी रिफॉर्म्स कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों ने देश की कर प्रणाली को सरल व जनहितैषी बनाया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की इस ऐतिहासिक पहल को जन–जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा आज से 29 सितम्बर तक जीएसटी बचत उत्सव अभियान चला रही है। उन्होंने आज शिमला के समीप शोघी में जीएसटी बचत उत्सव का शुभारम्भ किया। सिकंदर कुमार ने कहा कि इन सुधारों से जहां व्यापारी वर्ग पर करों का बोझ कम होगा वहीं उपभोक्ताओं को दैनिक उपयोग की वस्तुएं किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी।

गोपाल अग्रवाल

भारतीय जनता पार्टी जीएसटी में किए गए सुधारों को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मना रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी में अब तक 56 बार सरलीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी से आम आदमी, किसान, व्यापारी और लघु उद्योग लगाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। गोपाल अग्रवाल ने बताया कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह जीएसटी सुधार काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण अभी भी अनेक स्थानों पर सड़क सम्पर्क बंद है, जिससे किसानों व बागवानों के उत्पाद समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सड़कें बंद होने के चलते सेब सहित अन्य नकदी फसलें सड़ रही हैं जिससे किसानों बागवानों को काफी नुकसान हो रहा है। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में सड़कों की जल्द बहाली का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को केंद्र व विपक्ष को कोसने के बजाए प्रभावितों को राहत पहुंचाने की सलाह भी दी।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने एनएचएआई द्वारा स्टेज–2 के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर एनएचएआई ने प्रदेश में बेतरतीब ढंग से हो रहे कटान व निर्माण पर रोक न लगाई तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अनिरूद्ध सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पांवटा हाटकोटी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बेतरतीब ढंग से काम हुआ है और जो लोग इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उनकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास भी इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है।

सेवा पर्व

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा व सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और शहरी कनेक्टिविटी को मज़बूत किया है और देश भर के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

*भारत में मेट्रो अब केवल परिवहन का साधन ही नहीं रह गई है। यह महत्वाकांक्षा, नवाचार और टिकाऊ शहरी जीवन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर भारत की विकास गाथा के केंद्र में एक जीवन रेखा बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है, जो शहरी परिवहन विस्तार में इसकी तीव्र प्रगति को दर्शाता है। इस महीने कोलकाता में मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्‌घाटन करते हुए,*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 2014 से पहले देश में केवल 250 किलोमीटर मेट्रो रूट थे।*

*2014 से पहले देश में सिर्फ 250 किलोमीटर ही मेट्रो रूट था। आज देश में मेट्रो रूट 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा का हो गया है। यह सारे काम इज ऑफ ट्रैवल को बढ़ाने वाले हैं ताकि 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी के ट्रांसपोर्ट सिस्टम की भी जरूरत है शहरी क्षेत्रों में, सरकार गुणवत्तापूर्ण आवास तक पहुँच के साथ प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित कर रही है। पिछले 11 वर्षों में, सरकार ने शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास उपलब्ध कराए हैं। गुजरात के वडोदरा की कमला ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घर मिलने पर खुशी जताई। यात्रियों को मेट्रो सुविधाएँ प्रदान करने से लेकर लोगों को आवास आवंटित करने तक, सरकार शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार ला रही है और जीवन को सुगम बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा कर रही है।                आकाशवाणी/*

<u>नवरात्र</u>

शारदीय नवरात्रे आज से शुरू हो गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों श्री नैनादेवी, ज्वालाजी, बज्रेश्वरी देवी, चिंतपूर्णी और चामुंडा देवी सहित अन्य मंदिरों को रंग बिरंगे फूलों और रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के अवसर पर सभी शक्तिपीठों व अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आज शिमला स्थित ऐतिहासिक काली बाड़ी मंदिर में पूजा–अर्चना की और प्रदेश के लोगों की समृद्धि, सुख और कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस दौरान लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल भी राज्यपाल के साथ मौजूद रही।

<u>पुरस्कार</u>

प्रदेश के मत्स्य पालन विभाग को सफल कैप्टिव प्रजनन योजना के माध्यम से गोल्डन महाशीर के संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय और अग्रणी प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक समारोह के दौरान मत्स्य पालन विभाग को इस पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग को बधाई दी है।

<u>संघ–संवाद</u>

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के अखिल भारतीय सह–प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा है कि संघ ने समाज में बदलाव लाने के लिए 5 प्रण लिए हैं। आज शिमला में पत्रकारों से संवाद में उन्होंने बताया कि इन पांच प्रणों में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य शामिल है। प्रदीप जोशी ने कहा कि संघ अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है, जिसमें एक लाख हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त देश के 6 लाख 35 हजार गांवों में से 6 लाख तक संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस जागरण पर्व में युवा पीढ़ी को सही राह पर लाने की दिशा में प्रयास होंगे। प्रदीप जोशी ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।